Janpath Samachar Date: 23 Oct 2020 Page No: 11

एमबीडी समूह ने व्यक्तिगत शिक्षण ऐप अशोका लॉन्च किया

मुंबई (संवाददाता)। प्रौद्योगिकी द्वारा संचालित शिक्षा आगे बढ़ने का मार्ग है। समय की इस जरूरत का जवाब देते हुए एमबीडी समूह ने एक पॉवरिंग, अडेप्टिव एंड पर्सनलाइज्ड लर्निंग ऐप अशोका लॉन्च किया है, जो सीबीएसई, सीआईएससीई और विभिन्न स्टेट बोर्ड के छात्रों और शिक्षकों को एक सहज शिक्षण सीखने की प्रक्रिया को बनाए रखने में सक्षम बनाता है, यद्यपि एमएचए के दिशा-निर्देशनुयार विद्यालय बंद है व सोशल डिस्टेंसिग का पालन किया जा रहा है। ऐप शिक्षन पद्धति में नवीनतम अनुसंधान और नवाचारों से प्रेरित है। पाठ्यक्रम में सीबीएसई, सीआईएससीई और विभिन्न स्टेट बोर्ड शामिल हैं।

अशोका लर्निंग ऐप कक्षा 12 के लिए एनिमेटेड सामग्री प्रदान करता है। मल्टीमीडिया समृद्ध 2डी और 3डी सामग्री का उपयोग कर बनाए गए वीडियो लैक्चर्स विद्यार्थियों को आकर्षित करते हैं, उनमें जिज्ञासा को बढ़ाते हैं व उन्हें और अधिक अध्ययन करने के लिए प्रोत्साहित व प्रेरित करते हैं।

इस ऐप में विद्यार्थियों को हाल ही में ली गई परीक्षा से प्राप्त परिणाम के द्वारा उनकी योग्यता के स्तरानुसार प्रत्येक छात्र के लिए व्यक्तिगत आकलन का सुविधा है। ऐप की विस्तृत विश्लेषण से विद्यार्थियों की सीखने की प्रक्रिया का पता चलता है, जिससे उन्हें अपनी पढ़ाई की तैयारी में विभिन्न क्षेत्रों में अपनी कुशलता व कमियों को समझने में सहायता मिलती है, ताकि वे अपनी परीक्षा की तैयारियों में सुधार कर सकें।